# एन.एस.एस. प्रतिवेदन दिनॉक 27.12.2022

## प्रथम दिवस

आज दिनॉक 27.12.2022 को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के लिए शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी–बर्रा के समस्त छात्र–छात्राएँ महाविद्यालय प्रांगण से ग्राम गोरपार की ओर प्रस्थान किए । तत्पश्चात शिविर स्थल पर पहुँचकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई किए । उसके पश्चात् दोपहर 01.30 में शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसके मुख्य अतिथि माननीय श्री उमेश नंद कुमार पटेल जी उच्चशिक्षा,तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं खेलकूद युवा कल्याण विकास मंत्री छ0ग0 शासन एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती संतोषी राठिया , श्रीमती बैजन्ती राठिया, श्रीमती ईश्वरी राठिया, श्रीमती जानकी राठिया, श्री रामदयाल राठिया, श्री जमिल कुरैशी, श्री टीकाराम राठिया, श्री मोहन लाल राठिया, श्री सुकदेव डनसेना, श्री नेत्रानंद पटेल, श्री अभय महन्ती, श्रीमती पावित्री राठिया,एस डी एम श्री अभिषेक गुप्ता श्री प्रकाश राठिया, श्री जयमल राठिया, आदि की उपस्थिति में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के प्रतिमा एवं छ0ग0 मइया के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्बोधन विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिया गया । मुख्य अतिथि श्री उमेश नंद कुमार पटेल जी द्वारा नैक मूल्यांकन एवं ग्रामीण स्वच्छता तथा खेलकूद में अधिक से अधिक एवं ग्रामीण स्वच्छता तथा खेलकूद में अधिक से अधिक भाग लेने एवं क्षेत्र का नाम उँचा करने का संदेश दिया गया एवं छ0ग0 ओलम्पीक में उल्लेखनीय 11 मेडल मिलने की जानकारी एवं युवाओं का प्रोत्साहन दिया गया । स्वलपाहार का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य श्री रविन्द्र थवाईत द्वारा स्वागत भाषण एवं महाविद्यालय का परिचय दिया गया । इसी उदघाटन सत्र में उद्बोधन के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसके प्रतिभागियों को मुक्ष्य अतिथि माननीय श्री उमेश नंद कुमार पटेल जी द्वारा पुरस्कृत किया गया । इसके पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी श्री एस पी दर्शन द्वारा आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के श्री वी.पी. पाटले, श्री पी.एल. अनंत, श्री एल आर लश्कर एवं अतिथि सहा0 प्रा0 कु. प्राची पटेल, श्री राहुल राठौर, श्री रितेश राठौर, श्री रामनारायण जांगडे, श्री असीम श्रीवास्तव, रोशन राठिया एवं मोहन सारथी तथा गॉव के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

सायंकाल छात्रों द्वारा परिचय दिया गया एवं ग्रुप विभाजन तथा कार्य विभाजन किया गया और राष्ट्रीय सेवा योजना पुस्तक एवं बैज का वितरण किया गया ।

एस. पी. दर्शन
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी - बर्रा, विकासखण्ड - खरसिया
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

पवित्रीबाई
सरपंच
ग्राम पंचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया

NSS

27.12.22





# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिवेदन दिनॉक 28.12.2022

द्वितीय दिवस

आज दिनॉक 28.12.2022 का सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस प्रातः 6 बजे प्रार्थना के साथ हुआ तत्पश्चात शिविरार्थीयों द्वारा पूरे ग्राम गोरपार में प्रभातफेरी किया गया प्रभातफेरी के पश्चात् शिविर स्थल पर शिविरार्थियों द्वारा नास्ता किया गया । उसके बाद 9 बजे प्रातः परियोजना कार्य हेतु पंक्तिबध रूप से प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र गोरपार गये जहां की साफ सफाई की गई जहां सभी शिविरार्थियों एवं वरिष्ठ शिविरार्थियों द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए शिविरस्थल पहुॅचे उसके बाद 11 बजे से 12 बजे तक शिविरार्थियों को नहाने के लिए दिया गया, 12 से 1 बजे तक भोजन करने के पश्चात कुछ देर आराम करने के पश्चात समय 02.30 बजे से बौध्दिक कार्यकम की शुरूवात हुई जिसमें वरिष्ठ सहा. प्रा. श्री वी.पी. पाटले जी द्वारा युवाओं का समाज में योगदान युवाओं की शिक्षा बेटी बचाओं बेटी पढाओं के बारे में व्याख्यान दियें। सहा. प्रा. अंग्रेजी श्री योगेन्द्र राठिया ने समाज में युवाओं की भूमिका और योगदान विशय में जानकारी दियें। कार्यकम समन्वयक श्री एस पी दर्शन ने ग्रामीण विकास में युवाओं का योगदान, बेटी बचाओं बेटी पढाओं, अभियान में युवाओं का दायित्व, शिक्षा, विभिन्न विकास कार्यकम, वृक्षारोपण कार्यकम, कोरोना वायरस संबंधी जागरूकता के विषय में जानकारी दियें। कार्यकम के अन्त में श्री दुबराज कंवर ने आभार प्रदर्शन किया । तत्पश्चात चाय बिस्किट का वितरण सभी शिविरार्थियों को चाय बिस्किट दिया गया । सायं एन.एस.एस., कीड़ा का आयोजन किया गया । रात 8 बजे रात्रिभोजन पश्चात् सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया गया ।

एस. पी. दर्शन
कार्यक्रम अधिकारी
रा. से. यो.
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी - बर्रा, विकासखण्ड - खरसिया
जिला - रायगढ (छ.ग.)

सरपंच
ग्राम पंचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया




राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना
realme Shot by Mehar Brothar

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिवेदन दिनॉक 29.12.2022

तृतीय दिवस

आज दिनॉक 28.12.2022 का सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस प्रातः 6 बजे प्रार्थना के साथ हुआ तत्पश्चात शिविरार्थीयों द्वारा ग्राम गोरपार में प्रभातफेरी किया गया । प्रभातफेरी के पश्चात् शिविर स्थल पर शिविरार्थियों द्वारा नास्ता किया गया । उसके बाद 9 बजे प्रातः परियोजना कार्य हेतु पंक्तिबध होकर जुलुस निकाली गई तत्पश्चात् साफ सफाई की गई। वहां सभी शिविरार्थियों एवं वरिष्ठ शिविरार्थियों द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए शिविरस्थल पहुँचे । इसके पश्चात प्रातः 11 स्नान के पश्चात दोपहर 12 से 1 बजे तक भोजन के पश्चात 02.30 बजे से बौध्दिक कार्यकम की शुरूवात हुआ जिसमें आज के प्रमुख अतिथि श्रीमती दीप्ती बरूआ प्रथम श्रेणी न्यायीक मजिस्ट्रेट द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत महिला प्रताडना home violence के प्रति जानकारी दिया गया। पुलिस अभिरक्षा एवं I.P.C. भारतीय दण्ड प्रकिया संहिता की जानकारी दी गई। उसके पश्चात रा. से. यो. कार्यकम प्रभारी एस पी दर्शन द्वारा बौध्दिक कार्यकम समापन का घोषणा किया। रात्रि 8 बजे भोजन पश्चात सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें शा.उ.मा.वि. गोरपार के शिक्षक एवं प्रमुख अतिथि श्रीमती पावित्री कार्तिक राठिया एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिसमें नेहा राठिया, चमनलता एवं एन.एस.एस. के छात्र छात्राओं द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं शीर्शक के विषय में अपने प्रस्तुति दिया गया।

एस. पी. दर्शन
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
कोंध्री - बर्रा, विकासखण्ड - खरसिया
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

पवित्रीबाई
सरपच
ग्राम पचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया





# एन.एस.एस. प्रतिवेदन दिनॉक 30.12.2022

चतुर्थ दिवस

आज दिनॉक 30.12.2022 को एन.एस.एस सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस प्रातः 6 बजे प्रार्थना के साथ किया गया । तत्पश्चात शिविरार्थीयों द्वारा ग्राम गोरपार में प्रभातफेरी किया गया जिसमें नारों द्वारा लोगों को जगाने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात चाय नास्ते का प्रबंध किया गया । इसके पश्चात शा.उ.मा.वि. मिडिल स्कूल परिसर का साफ सफाई किया गया । इसके पश्चात 11 बजे शिविरार्थियों स्नान पश्चात् 12 से 1 बजे तक भोजन किया गया भोजन के पश्चात आराम किया गया। 02.30 बजे से 04.30 बजे बौध्दिक कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति पोषक आहार एव योग एवं प्राणायाम विषय के अंतर्गत डॉ अभिषेक पटेल बी0एम0ओ0 चपले, जोबी के डॉ विरेंन्द्र राठिया एम0बी0बी0एस0 ने पोषक आहार एवं बिमारियों के रोकथाम, कारणों एवं शिविरार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब दिया । उसके पश्चात डॉ मनोज त्रिपाठी आयुर्व्रेद अधिकारी बर्रा ने आयुर्वेद एवं चिकित्सा, अष्टांग योग इत्यादिके विषय में जानकारी दिया। गोरपार स्वास्थय केन्द्र से मनोज पटेल जी ने गठिया के रोग के कारण एवं इलाज के उपाय बताये। चपले स्वास्थय केन्द्र से डॉ अभिषेक पटेल ने कैंसर के कारण, पोषक आहार, के विषय में व्याख्यान दिये। गजानंद राठिया जी ने योग के विषय एवं रोगों के इलाज के विषय में जानकारी दिया । इसके पश्चात श्री प्रकाश राठिया जी एवं भोलेश्वर राठिया जी ने शिविरार्थियों को संबोधित किया । इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी एस पी दर्शन द्वारा कार्यक्रम समापन का घोषणा की गई। शाम 5 बजे से 6 बजे तक खेलकूद का आयोजन किया । रात्रि 8 बजे भोजन पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

एस. पी. दर्शन
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी - डर्रा, विकासखण्ड - खरसिया
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

पवित्रीबाई
सरपंच
ग्राम पंचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया




राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिवेदन दिनॉक 31.12.2022

पंचम दिवस

आज दिनॉक 31.12.2022 को सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस में प्रात 6 बजे से प्रार्थना के साथ भुभारंभ किया गया । फिर ग्राम गोरपार की प्रभातफेरी निकाल कर लोगों का जागृत किया गया। इसके पश्चात् चाय नाश्ते प्रबंध किया गया । फिर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक परियोजना कार्य के अंतर्गत कसाईपाली बाजार रोड का साफ सफाई किया गया । सफाई उपरान्त 11 बजे से 12 बजे नहाने के पश्चात् 1 बजे तक भोजन किया गया । भोजन के पश्चात् शिवरार्थियों द्वारा आराम पश्चात 12.30 बजे से बौध्दिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज का विषय नरवा,घुरवा,बारी के विषय में मुख्य अतिथि जी विजय जायसवाल श्री भैयालाल राठिया ,श्री धरम राठिया आदि गणमान्य एवं श्रीमती पावित्री राठिया सरपंच गोरपार श्री घासीराम पटेल उपस्थित थे । बौध्दिक कार्यक्रम के पश्चात् रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

पवित्रीबाई
सरपच
ग्राम पचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया

एस. डी. [illegible]
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी - बर्रा, विकासखण्ड - खरसिया
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)



कसाईपाली रायमुहल्ला
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
सिंह शासकीय
शहीद
जोबी-बर्रा
रायगढ़ (छ.ग.)





# एन.एस.एस. प्रतिवेदन दिनॉक 01.01.2023

षष्टम दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना षष्टम दिवस आज 01.01.2023 को सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्टम दिवस प्रातः 6 बजे प्रार्थना के पश्चात् प्रभातफेरी निकालकर गॉव वालों को जागृत किया गया । इसके पश्चात चाय नास्ते का प्रबंध किया गया फिर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक परियोजना कार्य कसाईपाली में स्कूल परिसर, आंगनबाडी, बोर के नजदीक चबूतरा एवं गली चौराहों पर साफ सफाई एवं रोड का साफ सफाई किया गया। 11 बजे से 12 बजे तक स्नान पश्चात् 12 से 1 बजे तक भोजन से निवृत्त होकर 02.30 बजे से बौध्दिक कार्यक्रम शुरू हूआ जिसमे प्लास्टिक के बढते प्रयोग के दुष्परिणाम एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में परिचर्चा का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री जी. पी. यादव , श्री टंकेश्वर राठिया, श्री चन्द्रकुमार राठिया (डिप्टी रेजर) श्री आर के पटेल (फील्ड आफिसर) श्री दरस राठिया, श्री मायाराम राठिया, श्री छबिदास बैष्णव श्री अरूण सोनवानी, श्री राजेश नेताम, श्री नेदकुमार राठिया, श्री भूपेन्द्र सिदार ने अपने विचार रखें और प्लास्टिक प्रयोग पर प्रतिबंध एवं पर्यावरण संरक्षण की विधियों पर व्याख्यान दिये। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री शंभू चौहान ,श्री परमानंद राठिया श्री भैयालाल राठिया आदि अतिथि उपस्थित थे।

एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी
शा. नागरिंह शास. महाविद्यालय
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

सरपंच
ग्राम पंचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया

তাৰিখ 01.01.23



# एन.एस.एस. प्रतिवेदन दिनॉक 02.01.2023

सप्तम दिवस

शिविर समापन दिवस प्रातः 6 बजे प्रार्थना पश्चात चाय नास्ते का प्रबंध किया गया। दोपहर 12 बजे SDOP मैडम श्रीमती निमिशा पाण्डेय द्वारा शिविर भ्रमण किया गया एवं शिविरार्थीयों को शुभकामना संदेश दिया गया। भोजन पश्चात समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती संतोषी राठिया (जिला पंचायत सदस्य रायगढ़, ) विशिष्ट अतिथि श्री रामदयाल राठिया, श्रीमती जानकी बाई राठिया, श्री जमिल कुरैशी (खोला प्रभारी एवं एल्डरमेन न.पा.पं.खरसिया) श्री सुरेन्द्र राठिया, श्री पवन राठिया, श्री युवराज जायसवाल, श्री राजकुमार पाण्डेय, श्री भुवनेश्वर पटेल, श्री हेमन्त आदित्य आदि उपस्थित थे एवं अपने विचार रखे एवं शिविर आयोजनों को भुभकामना संदेश दिये। तथा कार्यक्रम अध्यक्ष श्री वी.पी. पाटले द्वारा शिविरार्थीयों को संबोधित किया गया । बीच – बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वयक श्री एस. पी. दर्शन द्वारा आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम को स्वल्पाहार का आयोजन किया गया । सायं चाय नास्ते पश्चात् रात्रि भेजना के पश्चात पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया ।

पवित्रीबाई
सरपंच
ग्राम पंचायत गोरपार
जनपद पंचायत खरसिया


TOM
JEAN



